कुलपति ने दिए हाइड्रो कालेज में व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

- तकनीकी विवि का कैंपस कालेज बनाया गया है हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज को
- इस सत्र से कालेज में शुरू किया जाएगा रिन्यूएबल एनर्जी में एमटेक का कोर्स

जागरण संवाददाता, नई टिहरी : उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज भागीरथीपुरम का निरीक्षण कर कालेज में व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। कहा कि इस सत्र से कालेज में रिन्यूएबल एनर्जी में एमटेक का कोर्स शुरू किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कहा कि कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में भी सीटें बढ़ाई जाएंगी।

मंगलवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह और टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने भागीरथीपुरम स्थित टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि नौ मई को विवि ने टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज को कैंपस का दर्जा दे दिया है। अब विवि के ऊपर कालेज को बेहतर संस्थान बनाने की जिम्मेदारी है। कुलपति ने कहा कि टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन के साथ कालेज संचालन को लेकर जो अनुबंध हुआ था उस पर ठीक से कार्य नहीं हुआ है, जिस कारण कालेज उस स्तर का नहीं हो पाया, लेकिन अब कालेज को शीर्ष शैक्षणिक संस्थान बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कालेज के शिक्षक व कर्मचारी आपसी मतभेद भुलाकर कार्य करें, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कालेज में खराब पड़े उपकरणों को सही करने, प्लेसमेंट को बढ़ाने और छात्र- छात्राओं के लिए खेलकूद की सुविधा देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह, कालेज निदेशक डा. शरद कुमार प्रधान, टीएचडीसी के एजीएम ए त्रिपाठी, विजय बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

गढ़वाल की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com